## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 07.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोगों से मादक पदार्थों के दुरूपयोग के खिलाफ एकजुट होने का किया आह्वान।
- प्रदेश में नशा माफिया के विरूद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई– विभिन्न ज़िलों में आज 16 नशा तस्करों की हुई गिरफ्तारी।

और

- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर कांगड़ा एयरपोर्ट व केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का लगाया आरोप।

----------

**झंडा दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इन बलों के जवानों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस राष्ट्र की रक्षा करता है और देशवासियों को सशक्त बनाता है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सैनिकों का कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण उनकी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने देशवासियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

**हिमाचल–झंडा दिवस**

इधर, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर मदन शील शर्मा ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को सशस्त्र सेना का झण्डा लगाया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों के परिवारों के कल्याण के लिए लोगों को बढ़चढ़ कर अंशदान करने के लिए आगे आना चाहिए। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष में उदारता पूर्वक योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश सेवा करते हुए सेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों द्वारा दिया गया अतुलनीय बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस उन अमर वीरों को समर्पित है जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोगों से मादक पदार्थों के दुरूपयोग के खिलाफ सामूहिक संकल्प का आह्वान किया है। शिमला में आज गैर सरकारी संगठनों के समूह संजीवनी द्वारा नशाखोरी को लेकर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला में उन्होंने कहा कि युवाओं का नशे के जाल में फंसना केवल एक व्यक्ति विशेष के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ जहां सरकार और विपक्ष ने एकजुटता दिखाई है वहीं स्वयं सेवी संस्थाएं भी अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही हैं।

इस अवसर पर संजीवनी समूह के अध्यक्ष महेन्द्र धर्माणी ने कहा कि राज्यपाल का मार्गदर्शन स्वयंसेवी संगठनों को दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। आई.जी.एम.सी. अस्पताल से डॉक्टर निधि, डी.आई.जी. अरविंद नेगी और वरिष्ठ अधिवक्ता पीयूष वर्मा ने भी कार्यशाला में अपने विचार रखे। कार्यशाला में संजीवनी के सलाहकार जोगिन्द्र कंवर, उपाध्यक्ष नितिन व्यास और उपाध्यक्ष डॉक्टर जोगिन्द्र सकलानी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**नशा माफिया**

इस बीच, सरकार प्रदेश में नशे के विरूद्ध ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपना कर कार्य कर रही है। इन्हीं प्रयासों के तहत मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में 15 नवम्बर को शिमला और पहली दिसम्बर को धर्मशाला में वॉकथान का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस और अन्य संबंधित विभागों को नशा माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी मुहिम के तहत आज कई ज़िलों में एक साथ की गई कार्रवाई में 16 नशा तस्करों को हिरासत में लिया गया है।

**कृषि मंत्री**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांगड़ा ज़िले के ज्वाली में आज जन संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। कृषि मंत्री ने बताया कि लोगों की अधिकतर समस्याएं राजस्व विभाग से संबंधित होती हैं, ऐसे में सरकार ने राजस्व सेवाओं को पारदर्शी, सुविधाजनक और त्वरित बनाने के लिए बड़े पैमाने पर सुधार किए हैं। उन्होंने जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को इनके स्थायी समाधान के निर्देश दिए।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार में देरी सहित केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि तीन वर्ष के कार्यकाल में सरकार कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार को धरातल पर नहीं उतार पाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार को विकास कार्य लटकाने और लोगों का ध्यान भटकाने में महारत हासिल है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद सरकार ने करीब 2 हज़ार संस्थान बंद किए हैं और

विकास कार्यों पर पूर्णविराम लगा दिया है। ऐसे में सरकार से बड़ी परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने में शिक्षकों की अहम भूमिका रहती है। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के राजकीय विद्यालय भराड़ी के समारोह में उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए गतिविधि आधारित रचनात्मक कार्यक्रमों और कौशल विकास पर विशेष बल देने का आग्रह किया। धर्माणी ने बताया कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 4 सी.बी.एस.ई. स्कूल शुरू किए जाएंगे जबकि हटवाड़ में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल स्थापित किया जा रहा है।

**गोमा**

आयुष मंत्री यादविन्द्र गोमा ने कहा है कि एक स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त युवा ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। कांगड़ा ज़िले में पंचरूखी के कैलाशपुर में एक निजी स्कूल के समारोह में उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार नशाखोरी को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि 4 दिसम्बर को धर्मशाला में हुई भाजपा की रैली ने कांग्रेस पार्टी और प्रदेश सरकार को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया है और हर वर्ग को ठगा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब एकजुटता के साथ कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने के लिए तैयार है। राजीव बिंदल ने कहा कि जनता से किए गए हर अन्याय का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा।

**बयान**

भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस सरकार प्रदेश को चलाने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद राजीव भारद्वाज और वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रदेश में एक बिखरी हुई और दिशाहीन सरकार चल रही है जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अब केवल गुटों की लड़ाई चल रही है।

**सुधारीकरण**

तिब्बत सीमा को जोड़ने वाले 42 किलोमीटर लम्बी कडछम–सांगला–छितकुल सड़क मार्ग का सीमा सड़क संगठन द्वारा 30 करोड़ की लागत से सुधारीकरण किया जाएगा। सीमा सड़क संगठन ने सड़क सुधार कार्य शुरू कर दिया है। सड़क की हालत सुधरने से सांगला घाटी की 11 पंचायतों को भी फायदा होगा। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता.....

**संगठन ने सड़क के सुधारिकरण का कार्य शुरू कर दिया है जिला किन्नोर के सांगला घाटी के लोग लंबे समय से खस्ताहाल सड़क पर सफर करने को मजबूर थी इस साल जनवरी में यह सड़क लोक निर्माण विभाग से सीमा सड़क संगठन के अधीन हुई थी और घाटी के लोगों के साथ देश विदेश से आए**

**पर्यटकों को बेहतर सड़क सुविधा मिले कि संगठन ने सड़क का कार्य शुरू कर दिया है सड़क के हालात सुधरने से 11 पंचायत के ग्रामीण देश के सीमा पर तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल तथा भारतीय सेना समित देश विदेश से सांगला आने वाले पर्यटकों को आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी**

**आकाशवाणी के लिए किन्नौर से मैं सुमेश नेगी**

## शिविर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आज प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया। ऊना में आयोजित शिविर में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सभी से योगदान का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि युवा दिशाहीन हो जाएं तो समाज और राष्ट्र दोनों कमज़ोर हो जाते हैं।

**नमस्कार।**